Doon Public School Bhuj

Class: VIII **Hindi Worksheet** **Date: 01/05/2020**

Topic – पाठ - 2. अनेकमुखी गंगा **H.W**

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए |

1. नदी के लिए सटीक उपमा क्या है ? -----------------------
2. नदी के दर्शन मात्र से हमें आनंद क्यों मिलता है ? -----------------------
3. 'कालिंदी' कौनसी नदी को कहा जाता है ? -----------------------
4. गंगा - ब्रहमपुत्र एक होने पर कौनसी नदी बनती है ? -----------------------
5. गंगा - ब्रहमपुत्र नदी कौनसे स्थान पर मिलती हैं ? -----------------------
6. 'देवप्रयाग' में गंगा कौनसी नदी से आकर मिलती है ? -----------------------
7. गंगा का उद्‌गम कहाँ से होता है ? -----------------------
8. गंगा को 'अनेकमुखी' गंगा क्यों कहा गया है ? -----------------------
9. त्रिवेणी संगम कौन - कौन सी नदियाँ मिलकर बनती हैं ?-----------------------
10. गंगोत्री से निकली गंगा का कौनसा रूप माना गया है ? -----------------------

प्रश्न 2. दिए गए प्रश्नों में उचित विकल्प चुनिए |

1. अनेक रूपों के कारण गंगा को क्या कहा गया है ?

(क) अनेकमुखी (ख) बहुरूपा (ग) बहुमुखी (घ) बहुगुणा

2. पाठ में गंगा को विशेषतः कौनसी जाति की माता कहा गया है ?

(क) ब्राहमण जाति (ख) आर्य जाति (ग) शूद्र जाति (घ) भील जाति

3. गंगा की तुलना कौनसी तपस्वी - कन्या से की गई है ?

(क) मेघना (ख) शकुंतला (ग) गौतमी (घ) अहिल्या

4. अयोध्या नगर कौनसी नदी के तट पर स्थित है ?

(क) गंगा (ख) यमुना (ग) नर्मदा (घ) सरयू

5. पद्‌मा नदी आगे चलकर किस नाम से जानी जाती है ?

(क) जमुना (ख) रावी (ग) मेघना (घ) सतलुज

प्रश्न 3. अधिकतम शब्दों में उत्तर लिखिए |

1. गंगा के किनारे रहने के क्या - क्या लाभ हैं ?

उत्तर - नदी किनारे रहने के अनेक लाभ है | नदी के किनारे शुद्‌ध वातावरण मिलता है | पानी का अभाव नहीं रहता | भूमि उपजाऊ होती है | हरियाली होती है और फसलें भरपूर मिलती हैं |

2. गंगा के दर्शन से हमें क्या - क्या स्मरण हो आता है ?

उत्तर - गंगा के दर्शन से हमें फसलों के लहलहाते खेत , माल से लदे जहाज , बुद्‌ध - महावीर के विहार और अशोक , समुद्रगुप्त या हर्ष का पराक्रम और तुलसीदास या कबीर जैसे संतों के भजन , वाल्मीकि के काव्य आदि का स्मरण हो आता हैं |

3. गंगा - यमुना के संगम को प्रयागराज नाम क्यों दिया गया है ?

उत्तर - हिंदुस्तान में अनगिनत नदियाँ है, इसलिए संगमों का कोई पार नहीं है | इन सभी संगमों में हमारे पुरखों ने प्रयाग के विशाल तट पर गंगा - यमुना के संगम को सबसे अधिक पसंद किया है | इसी कारण इसे 'प्रयागराज' नाम दिया गया है |

4. गंगा और ब्रहमपुत्र के मेल से सागर का संदेह क्यों उत्पन होता है ?

उत्तर - गंगा और ब्रहमपुत्र दोनों ही बड़ी नदियाँ है | ब्रहमपुत्र को तो नदी नहीं, नद कहा जाता है | जब ये विशाल नदियाँ गोआलंदी के पास आकर मिलती हैं तो देखने वालो को वहाँ किसी नदी का नहीं बल्कि सागर के होने का आभास होता है |

5. गंगा तथा यमुना नदी के लिए सफाई अभियान क्यों चलाना पड़ा ?

उत्तर - गंगा और यमुना दोनो ही नदियाँ बुरी तरह प्रदूषित हो चुकी है | कारखानों से निकलने वाले ज़हरीले रसायन इन नदियों में मिल रहे हैं | शहरों का गंदा पानी और घरों की गंदगी भी इनमें प्रवाहित कर दी जाती है | इससे पहले की ये गंदे नालों में बदल जाए इनकी सफाई के लिए अभियान चलाना पड़ा |

उत्तर कुंजिका (Answer Key)

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए |

1. माता की उपमा
2. शुद्ध और शीतल हवा के कारण
3. यमुना को
4. पद्मा नदी
5. गोआलंदी स्थान पर
6. अलकनंदा नदी से
7. गंगोत्री
8. गंगा के अनेक रूपों के कारण
9. गंगा, यमुना और सरस्वती
10. खिलवाड़ी कन्यारूप

प्रश्न 2. दिए गए प्रश्नों में उचित विकल्प चुनिए |

1. (क) अनेकमुखी
2. (ख) आर्य जाति
3. (ख) शकुंतला
4. (घ) सरयू
5. (ग) मेघना

प्रश्न 3. अधिकतम शब्दों में उत्तर लिखिए |

नोट :- इस प्रश्न के उत्तर प्रश्नों के साथ ही लिखे गए हैं |